अपना तो सब कुछ कन्हैया | by Shivam Sukhija

अपना तो सब कुछ कन्हैया एक तू संसार में
जी रहा ये ज़िन्दगी मैं आपके ही प्यार में
अपना तो सब कुछ कन्हैया............

थे जो हमारे कल तलक वो आज मुख को फेरते
आ गया है फर्क इतना इनके अब व्यवहार में
अपना तो सब कुछ कन्हैया............

बस यही दिल की तमन्ना है मेरी मेरे सांवरे
रखलो चाकर मुझको अपना सांवरे दरबार में
अपना तो सब कुछ कन्हैया............

जबसे मांझी तुम बने हो सांवरे मेरी नाव के
अब कभी फंसती नहीं है नाव ये मंझधार में
अपना तो सब कुछ कन्हैया............

तुमसे रिश्ता जोड़कर कुंदन बड़ी मस्ती में है
मुश्किलें कोई ना आती अब मेरे परिवार में
अपना तो सब कुछ कन्हैया............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%9b-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-shivam-sukhija/